भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- †1173**

उत्तर देने की तारीख- 11/12/2023

**वनों में निवास करने वाली जनजातीय आबादी**

†1173. श्री बियुत बरन महतो:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में आरक्षित और संरक्षित वनों में रहने वाली जनजातीय आबादी की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या इन जनजातियों को भूमि प्रदान करने के लिए संबंधित राज्य सरकारों के पास प्रस्ताव हैं; और

(ग) इस संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य मंत्री
श्री अर्जुन मुंडा

**(क) से (ग):** भूमि और उसका प्रबंधन भारत के संविधान [सातवीं अनुसूची - सूची II (राज्य सूची) - प्रविष्टि संख्या (18)] के तहत प्रदान किए गए राज्यों के विशिष्ट विधायी और प्रशासनिक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आता है

'अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (संक्षेप में एफआरए) वन में रहने वाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य परंपरागत वन निवासी जो पीढ़ियों से ऐसे जंगलों में निवास कर रहे हैं लेकिन जिनके अधिकारों को दर्ज नहीं किया जा सका है, के वन अधिकारों को मान्यता देने और वन भूमि पर कब्जे को निहित करने का प्रयास करता है।

एफआरए की धारा3(1) ततसंबंधी पठित धारा 2(घ) के अनुसार क्रमशः एफआरए की धारा 2 (ग) और 2 (ण) में परिभाषित वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजातियों (एफडीएसटी) और अन्य परंपरागत वन निवासियों (ओटीएफडी) में वन अधिकारों (व्यक्तिगत और सामुदायिक दोनों) को, अवर्गीकृतवन, कम विपणन वाले वन, मौजूदा या भावी (डीम्ड) वन, संरक्षित वन, आरक्षित वन, अभ्यारण्य और राष्ट्रीय उद्यान में शामिल किसी भी वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली किसी भी विवरण की भूमि में मान्यता देने और निहित करने का प्रयास करता है। एफआरए और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार राज्य सरकारें/केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार हैं। एफआरए के तहत राज्य/केंद्र

शासित प्रदेशों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 31.10.2023 तक प्राप्त दावों, वितरित स्वामित्व और वन भूमि की सीमा जिसके लिए स्वामित्व वितरित किया गया (व्यक्तिगत और सामुदायिक) का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

**अनुलग्नक**

**31.10.2023 तक प्राप्त दावों, वितरित स्वामित्व और वन भूमि की सीमा जिसके लिए स्वामित्व वितरित किया गया (व्यक्तिगत और सामुदायिक) का राज्य-वार विवरण**

| क्र.सं. | राज्य | प्राप्त दावों की संख्या | | | वितरित अधिकार-पत्रों की संख्या | | | वन भूमि की सीमा जिसके लिए अधिकार-पत्र वितरित किए गए (एकड़ में) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | व्यक्तिगत | समुदायिक | कुल | व्यक्तिगत | समुदायिक | कुल | व्यक्तिगत | समुदायिक | कुल |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 2,84,294 | 3,294 | 2,87,588 | 2,25,826 | 1,822 | 2,27,648 | 4,54,041 | 5,26,454 | 9,80,495.00 |
| 2 | असम | 1,48,965 | 6,046 | 1,55,011 | 57,325 | 1,477 | 58,802 | एनए/एनआर | एनए/एनआर | एनए/एनआर |
| 3 | बिहार | 8,022 | एनए/एनआर | 8,022 | 121 | 0 | 121 | एनए/एनआर | एनए/एनआर | एनए/एनआर |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 8,83,938 | 53,920 | 9,37,858 | 4,75,100 | 49,241 | 5,24,341 | 9,44,154.80 | 51,46,193.75 | 60,90,348.55 |
| 5 | गोवा | 9,758 | 378 | 10,136 | 472 | 13 | 485 | 884.37 | 18.16 | 902.53 |
| 6 | गुजरात | 1,82,869 | 7,187 | 1,90,056 | 96,559 | 4,791 | 1,01,350 | 1,63,508.86 | 12,40,680.15 | 14,04,189.01 |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 4,880 | 466 | 5,346 | 256 | 59 | 315 | 50.92 | 11,180.74 | 11,231.66 |
| 8 | झारखंड | 1,07,032 | 3,724 | 1,10,756 | 59,866 | 2,104 | 61,970 | 1,53,395.86 | 1,03,758.97 | 2,57,154.83 |
| 9 | कर्नाटक | 2,88,549 | 5,940 | 2,94,489 | 14,981 | 1,345 | 16,326 | 20,077.30 | 36,340.52 | 56,417.82 |
| 10 | केरल | 44,200 | 991 | 45,191 | 28,641 | 224 | 28,865 | 38,045.62 | 7,61,489.62 | 7,99,535.24 |
| 11 | मध्य प्रदेश | 5,85,326 | 42,187 | 6,27,513 | 2,66,901 | 27,976 | 2,94,877 | 9,03,533.06 | 14,63,614.46 | 23,67,147.52 |
| 12 | महाराष्ट्र | 3,89,723 | 11,323 | 4,01,046 | 1,98,220 | 8,400 | 2,06,620 | 5,53,960.01 | 33,01,556.68 | 38,55,516.70 |
| 13 | ओडिशा | 6,32,326 | 15,461 | 6,47,787 | 4,57,238 | 7,813 | 4,65,051 | 6,70,181.16 | 3,74,303.02 | 10,44,484.17 |
| 14 | राजस्थान | 1,11,560 | 8,478 | 1,20,038 | 48,614 | 2,259 | 50,873 | 68,591.34 | 1,83,091.77 | 2,51,683.11 |
| 15 | तमिलनाडु | 34,877 | 2,584 | 37,461 | 10,536 | 531 | 11,067 | 9,626.44 | एनए/एनआर | 9,626.44 |
| 16 | तेलंगाना | 2,04,176 | 2,808 | 2,06,984 | 97,434 | 102 | 97,536 | 3,10,916.00 | 3,631.00 | 3,14,547.00 |
| 17 | त्रिपुरा | 2,00,557 | 164 | 2,00,721 | 1,27,931 | 101 | 1,28,032 | 4,65,192.88 | 552.40 | 4,65,745.28 |
| 18 | उत्तर प्रदेश | 92,577 | 1,162 | 93,739 | 18,049 | 861 | 18,910 | 19,190.27 | 1,20,776.00 | 1,39,966.27 |
| 19 | उत्तराखंड | 3,587 | 3,091 | 6,678 | 184 | 1 | 185 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 20 | पश्चिम बंगाल | 1,31,962 | 10,119 | 1,42,081 | 44,444 | 686 | 45,130 | 21,014.27 | 572.03 | 21,586.29 |
| 21 | जम्मू एवं कश्मीर | 32,207 | 10,224 | 42,431 | 315 | 4,190 | 4,505 | एनए/एनआर | एनए/एनआर | एनए/एनआर |

एनए/एनआर- संबंधित आंकड़े या तो उपलब्ध नहीं हैं या रिपोर्ट नहीं किये गये हैं

*****